हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री से.
न्यूनतम 16.0 डिग्री से.

10 आज से तीन दिवसीय दौरे पर आएगी एनक्वास टीम



10 भारत भूषण गोयल एवं लायन लेडी आशा ....



खबर संक्षेप

तेजधार हथियार से हमला करने पर तीन नामजद

जींद। गांव शाहपुर में तेजधार हथियार से हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी अंग्रेजो ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा अजय बीती देर रात को गांव नगूरां से घर लौट रहा था। रास्ते में शुभम, गंगा तथा सोनू ने अजय पर हमला कर दिया। जिसमें अजय को गंभीर चोटें आई। बचाव में शोर मचाए जाने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो आरोपित फरार हो गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की जान गई

जींद। गांव बुढाखेड़ा के निकट बीती देर रात अज्ञात तेजरफ्तार वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त न होने के कारण शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को को बीती देर रात सूचना मिली थी कि गांव बुढाखेड़ा के निकट एक व्यक्ति घायल हालत में सड़क के साथ पड़ा हुआ है। हादसे से साफ था कि व्यक्ति को किसी तेजरफ्तार वाहन ने टक्कर मारी है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, केस दर्ज

जींद। नया बस अड्डे के निकट तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निर्जन निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथ प्रवीण के साथ बाइक पर सवार होकर बाईपास से नया बस अड्डे की तरफ से रहे थे। जलेबी चौक के निकट तेजरफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वे घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गए।

हमला कर घायल करने से चार पर मामला दर्ज

जींद। नए बस अड्डे के निकट व्यक्ति पर हमला कर घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लखमीरवाला निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फैक्टरी में काम करता है। उसके साथ गांव का आशीष भी काम करता है। गत 16 अक्टूबर को उसकी आशीष के कहासुनी हो गई। उस समय तो मामला शांत हो गया। शाम को आशीष ने उसे बस अड्डा के निकट रूकने के लिए कहा। कुछ समय के बाद आशीष व उसके साथ दो बाइकों पर सवार होकर आए और हमला कर घायल कर दिया।

प्रदर्शन में कांग्रेसी के चालीस हजार निकाले

जींद। उचाना में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान व्यक्ति की जेब से अज्ञात ने भीड़ का फायदा उठा कर 40 हजार की नकदी को चोरी कर लिया। सफीदों के वार्ड नंबर सात निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत दिवस उचाना में कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जब वे प्रदर्शन करते उचाना लघु सचिवालय जा रहे थे तो अज्ञात ने जेब से 40 हजार की राशि निकाल ली। घटना का पता धक्का मुक्की से बाहर निकलने के बाद चला।

दो बाइकों की टक्कर में दंपति सहित तीन घायल

कैथल। फरल-सोलूमाजरा रोड पर राणा फार्म के पास गलत साइड से तेज रफ्तार में आई बाइक ने सामने से दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती और उनकी सास घायल हो गए। पति और सास को गंभीर चोटें आने पर कैथल से करनाल और फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। दोनों का पीजीआई में इलाज चल रहा है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दूसरी बाइक के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पैरा एशियन गेम में सिल्वर विजेता कसूहन की बेटी कोकिला का स्वागत

पहले ब्रॉज, अब सिल्वर, 2028 पैरालंपिक में गोल्ड जीतने का लक्ष्य, खटकड़ टोल से काफिले के साथ लाया गया

भूपेंद्र खटकड़ ▶▶| उचाना

जापान में हुए पैरा ओलंपिक गेम में उचाना के कसूहन की बेटी कोकिला कौशिक ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कोकिला के स्वागत के लिए ग्रामीण खटकड़ टोल प्लाजा पर पहुंचे। जहां से उनको काफिले के साथ गांव तक ले जाया गया । इस अवसर पर कसूहन गांव के मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। कोकिला ने कहा कि सिल्वर मेडल आया है, इसकी बहुत ज्यादा खुशी हो रही है। वह अपने गांव पहुंची है और जो मान-सम्मान गांव वालों ने दिया है, उसको देखकर अच्छा लग रहा है। गोल्ड मेडल से चूकने पर कोकिला ने कहा कि कहीं तो कुछ कमी रही है, इसलिए गोल्ड मेडल से चूक हो गई। अगली बार जो कमी रही है, उसको सुधारुंगी। पिछली बार ब्रॉज मेडल आया था अबकी बार सिल्वर मेडल आया है। पिछली बार कुछ कमियां रह गई थी, जिनका सुधार किया और सिल्वर तक पहुंची। आगे सुधार होगा तो गोल्ड मेडल हासिल करूंगी। आगे की तैयारियों पर बोलते हुए कोकिला ने कहा कि अभी आगे पैरालंपिक में स्टेप बाय स्टेप गोल्ड मेडल की तैयारी कर रही हूं। अभी एशियाई पैरा गेम जापान में हुए हैं, जहां से सिल्वर मेडल हासिल हुआ है आगे 2028 में लॉस एंजेलिस में गोल्ड मेडल के लिए खेलूंगी। कोकिला के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि पैरा एशियन गेम में पहले कोकिला ब्रॉज मेडल लेकर आई थी। अबकी बार जापान से सिल्वर मेडल लेकर आई है। कोकिला ने गांव से लेकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर हम गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। वैसे तो वो आजाद नगर (हिसार) में रहते हैं तो पूरा आजाद नगर और पूरा कसूहन गांव में आज इस खुशी में शामिल हुआ है। इस अवसर पर गांव के मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें आशीर्वाद देने के लिए सभी पहुंचे हैं। कोकिला का टारगेट रहेगा की 2027 में वर्ल्ड गेम आ रहे हैं ओर उनमें गोल्ड मेडल हासिल करें और 2028 में पैरा ओलंपिक में भी बड़ी अचीवमेंट हासिल करें। कोकिला के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि वह उनके साथ जापान गए हुए थे तो उन्होंने इनका मैच देखा। थोड़ी सी चुप रह गई, जिसके कारण वह गोल्ड से चूक गई।



उचाना। कसूहन पहुंचने पर कोकिला अपना सिल्वर मेडल दिखाते हुए।

बहन ने हिम्मत नही हारीः शर्मा

कोकिला की बहन सफलता शर्मा ने बताया कि वह पहले जूडो खेलती थी लेकिन चोट लगने की वजह से उन्हें खेलना बंद करना पड़ा लेकिन उनकी बहन ने हिम्मत नही हारी और उन्होंने कहा कि वह भी अब जूडो खेलेगी। शुरू में घरवालों ने मना कर दिया था कि इसको दिखाई नहीं देता है तो कहीं चोट ना लग जाए। फिर कोकिला ने जिद की कि उन्हें जूडो ही खेलना है तो घरवाले उन्हें जुडो की ट्रेनिंग देने के लिए मान गए। हम चाहते हैं कि विदेशों में भी हमारा राष्ट्रगान बजे।

पहले भी कई मेडल जीत चुकी

कोकिला ने पहले भी इस खिलाड़ी को मात दी थी। इसलिए हमें विश्वास था कि इस बार गोल्ड पक्का है लेकिन थोड़ी सी चूक रह गई। यह भी अच्छा है कि पहले ब्रॉज मेडल था और अब सिल्वर मेडल लेकर आई है बिटिया। वहीं कोकिला की मां सुमन शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी कई मेडल वह ला चुकी है। इससे पहले 2023 में जब बिटिया का ब्रॉज मेडल आया था, उस समय भी गांव में आए थे और उस समय भी गांव में भंडारा का आयोजन किया गया था।

तूफान के साथ बरसात ने कैथल में मचाई तबाही, वाहन चालकों को उठानी पड़ी परेशानियां

200 से अधिक पेड़ गिरे, बिजली के 86 पोल टूटे और खेतों में बिछी धान

बिजली की कई लाइनों में फॉल्ट, निगम के पास पहुंचीं 674 शिकायतें, किसानों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में शनिवार रात आए तेज तूफान और बरसात ने जिले में खूब तबाही मचाई। तूफान का सबसे अधिक असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा तो वहीं धान की फसल गिरने के कारण किसानों को भी भारी नुकसान बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में करीब 80 से अधिक बिजली के खंभे टूटने और तारों पर पेड़ गिरने से कई क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली निगम को अलग-अलग इलाकों से 670 शिकायतें मिलीं। कई स्थानों पर पूरी रात बिजली नहीं आई। रविवार सुबह भी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आपूर्ति बहाल होने का इंतजार करना पड़ा। बिजली नहीं आने से घरों में पानी की मोटरें नहीं चल सकीं। दुकानदारों और अन्य कारोबारियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। निगम कर्मचारियों को टूटे खंभे बदलने और क्षतिग्रस्त तारों की मरम्मत करने में मशक्कत करनी पड़ी। तेज तूफान के कारण जिले में करीब 200 से अधिक स्थानों पर पेड़ गिरे। इनमें शहर के करनाल रोड, अंबाला रोड, जींद रोड, आईटीआई के पास, नहर कॉलोनी और लघु सचिवालय के आसपास भी पेड़ गिर गए। कई जगह पेड़ों की बड़ी शाखाएं सड़कों पर आ गिरीं। इस कारण रास्ता अवरूद्ध होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा। कई स्थानों पर बड़े पेड़ों को हटाने में अधिक समय लगा। सड़क पर पेड़ गिरने से वाहन चालकों को दूसरे रास्तों से गुजरना पड़ा। रविवार सुबह भी कई स्थानों पर पेड़ों की टूटी शाखाएं और पत्ते बिखरे दिखाई दिए।



कैथल। तेज अंधड़ के कारण सड़कों पर गिरे पेड़। *फोटो :हरिभूमि*

नमी बढ़ने से कटाई का काम प्रभावित

तूफान और बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में कई स्थानों पर पककर तैयार धान की फसल तेज हवा के कारण खेतों में बिछ गई। जिन किसानों की फसल कटाई के लिए तैयार थी, उन्हें अधिक नुकसान की आशंका है। किसानों के सामने अब फसल की कटाई और उठान की चुनौती खड़ी हो गई है। जमीन पर गिरी धान की फसल की कटाई में अधिक समय लग सकता है। बारिश के कारण खेतों में नमी बढ़ने से कटाई का काम भी प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को डर है कि यदि खेतों में पानी अधिक समय तक जमा रहा तो धान की गुणवत्ता और उत्पादन पर असर पड़ सकता है। हालांकि, फसलों को हुए कुल नुकसान का आकलन अभी सामने नहीं आया है।

दुकानों के शेड उखड़े

तूफान के कारण शहर में कई दुकानों और प्रतिष्ठानों के टीन शेड उखड़ गए। ढांड रोड स्थित एक पैलेस का शेड तेज हवा में उखड़कर पास की खाली जगह में जा गिरा। उस समय वहां किसी व्यक्ति के मौजूद नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। रविवार सुबह दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों पर पहुंचे तो कई जगहों शेड क्षतिग्रस्त मिले। तेज हवा के कारण हुए नुकसान के बाद दुकानदार मरम्मत करवाने में जुटे दिखाई दिए। शनिवार शाम को मौसम बदलने के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जो रात करीब 11 बजे तक जारी रही। वन विभाग के कर्मचारी रात में ही सड़कों से पेड़ हटाने में जुट गए। वहीं, बिजली निगम की टीमें भी फॉल्ट दूर करने में लगी रहीं। रविवार सुबह दुकानदार प्रतिष्ठानों पर पहुंचे तो कई जगहों शेड क्षतिग्रस्त मिले। तेज हवा से नुकसान के बाद दुकानदार मरम्मत करवाने में जुटे दिखाई दिए।

35 बिजली लाइनों के फॉल्ट किए दूरः सिंह

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि तूफान के कारण जिले में भारी नुकसान हुआ है। इस कारण करीब 35 बिजली लाइनों में फॉल्ट आए थे। रविवार शाम तक करीब सभी लाइनों की मरम्मत कर दी गई थी। कर्मचारियों की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में काम करने के लिए शनिवार शाम को जुट गई थी। इसके लिए कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पडी।

बरसात से तापमान में भी आई गिरावट

वहीं दूसरी ओर बरसात के कारण तापमान में भी गिरावट आई है। रविवार को कैथल का 29 डिग्री अधिकतम व 21 डिग्री न्यूनतम तापमान पहुंच गया। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक रमेश चंद ने बताया कि आने वाले दिनों में ठंड अपना असर दिखाएगी।

शेयर मार्केट में मुनाफा दिखाकर लगाया दो लाख 48 हजार का चूना

जींद। शेयर मार्केट में निवेश पर अच्छा मुनाफा दिखा कर व्यक्ति को दो लाख 48 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गोहियां निवासी अमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक यू टयूब चैनल पर शेयर मार्केट के टिप्स देखता था। उस ने चैनल पर आए लिंक को क्लिक कर लिया।

■ मुनाफे के स्क्रीन शॉट भेज करवाते रहे निवेश, अज्ञात पर धोखाधड़ी का मामला

जिसके बाद उस के मोबाइल पर व्हाट्सअप मैसेज आया। जिसके बाद उसके पास वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने शेयर मार्केट के बारे में बताया। जिसने पूर्व में हुए नुकसान की रिकवरी करवाने को आश्वासन दिया। उसने कुछ टिप्स फोलो करने के बारे में कहा। तीन माह के रजिस्ट्रेशन के लिए 5100 रुपये जमा करवाने के लिए कहा गया। रुपये न होने की बात कहने पर एक हजार रुपये टोकन मनी देना मांगी। जिस पर उसने अपने बैंक खाते से राशि ट्रांसफर कर दी। फिर कहा गया कि उसे डिमेट खाते के बजाय किसी भी बैंक खाते में सेव रखने होंगे। गत तीन अक्टूबर को उसके व्हाट्सअप पर मैसेज आया था।

चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

ट्रांसफार्मर से 90 लीटर तेल चोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

थाना गढ़ी पुलिस ने चोरी की वारदातों के खिलाफ कार्रवाई करते दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ा, जबकि दूसरे मामले में बिजली ट्रांसफार्मर से तेल और पुर्जे चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। थाना गढ़ी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गांव धमतान साहिब से भुलन रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव कालवन निवासी विक्रम उर्फ विक्की और प्रदीप उफ मुरली चोरी की बाइक पर बिना नंबर प्लेट लगाए आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने भुलन रोड पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद बाइक पर सवार दो युवकों को काबू किया। दोनों बाइक के वैध दस्तावेज नही दिखा सके। पूछताछ में बाइक चोरी की होने की बात बताई। पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरे मामले में पुलिस ने खनौरी निवासी सुमित उर्फ गुल्लू और शीला उर्फ कर्ण को बिजली ट्रांसफार्मर का तेल और पुर्जे चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि गांव उझाना के खेतों में लगे 25 केवीए के बिजली ट्रांसफार्मर से अज्ञात व्यक्ति करीब 90 लीटर तेल चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार एक अन्य चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के दौरान गांव उझाना के खेतों से ट्रांसफार्मर का तेल और पुर्जे चोरी करने की वारदात का खुलासा हुआ। इसके बाद दोनों आरोपितों को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस दोनों मामलों में आगामी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

पिल्लूखेड़ा के पूर्व नायब तहसीलदार, कानूनगो तथा पटवारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

■ रजाना खुर्द में जमीन से संबंधित रिकार्ड से छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव रजाना खुर्द में जमीन के दस्तावेजों तथा रिकार्ड से छेड़छाड़ करने करने का मामला सामने आया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्कालीन नायब तहसीलदार, कानूनगो, राजस्व विभाग के पटवारी व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, रिकार्ड से छेड़छाड़ करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव रजाना खुर्द निवासी लाभ सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका खेवट अलग करने तथा इंतकाल का मामला हिसार कमीशनर के समक्ष लंबित है। जिस पर स्टे जारी किया हुआ था। बावजूद इसके इंतकाल किया गया। मामला पूर्व मे मामला तहसीलदार पिल्लूखेड़ा, सफीदों, जिला मुख्यालय राजस्व अदालतों मे चला है। जमीन के पूर्व रिकार्ड तथा जमाबंदी 2024 तथा 2025 राजस्व विभाग के रिकार्ड में काफी भिन्नता है। जिसमें पुरानी खेवट 285 को खेवट संख्या 319 तथा 320 में बदल दिया गया। विभाग के लिखित तथा इलेक्ट्रोनिक रिकार्ड में भी छेड़छाड़ की गई है। राजस्व विभाग के न्यायालय जमाबंदी तथा उसकी रिपोर्ट में तथ्य छेड़छाड़ को साफ दर्शाते हैं। तत्कालीन नायब तहसीलदार रणबीर सिंह, कानूनगो सुरेश कुमार तथा पटवारी रविदत्त ने अन्य लोगों के साथ मिलीभगत कर राजस्व विभाग के जमीन से संबंधित रिकार्ड के साथ छेड़छाड़ की है। मामला परिवेदना समिति की बैठक में भी उठा था।

मामले की जांच की जा रही

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने लाभ सिंह की शिकायत पर पिल्लूखेड़ा के नायब तहसीदार रणबीर सिंह, कानूनगो सुरेश कुमार तथा पटवारी रविदत्त को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, राजस्व विभाग के रिकार्ड से छेड़छाड़ करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोप लगाते हुए शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

ब्यूटी पार्लरों में भी बढ़ी बुकिंग, सुहागिनों में पर्व को लेकर खासा उत्साह

करवाचौथ को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सुहागिन महिलाओं के प्रमुख पर्व करवाचौथ को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। करवाचौथ का पर्व 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पर्व नजदीक आते ही महिलाओं ने खरीदारी शुरू कर दी है। बाजारों में साड़ी, सूट, चूड़ियां, मेहंदी, श्रृंगार सामग्री और करवाचौथ से संबंधित पूजा सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं ने सजने-संवरने के लिए पहले से ही बुकिंग करवानी शुरू कर दी है। करवाचौथ को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं। पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम को महिलाएं भगवान गणेश, माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती हैं तथा चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। कई महिलाएं इस पर्व पर नई साड़ी या सूट पहनने के साथ-साथ विशेष श्रृंगार करती हैं। पर्व को लेकर बाजारों में भी दुकानदारों ने करवाचौथ से संबंधित सामान सजाना शुरू कर दिया है। चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, कंगन, साड़ियां, श्रृंगार सामग्री और पूजा की थाली महिलाओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानदारों का कहना है कि करवाचौथ नजदीक आने के साथ बाजार में ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और आने वाले दिनों में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है।



राजौंद। करवाचौथ पर्व को लेकर खरीदारी करती हुई महिलाएं।

अभी और भीड़ रहने की संभावना

महिलाएं फेशियल, मेकअप, हेयर स्टाइल, मेहंदी और अन्य सौंदर्य सेवाओं के लिए बुकिंग करवा रही हैं। कई महिलाओं ने करवाचौथ के दिन के लिए विशेष मेकअप और सजने-संवरने की बुकिंग पहले से करवा ली है। पार्लर संचालकों के अनुसार पर्व के एक-दो दिन पहले सबसे अधिक भीड़ रहने की संभावना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करवाचौथ का व्रत पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए यह व्रत रखती हैं।

व्यापारी से तीन करोड़ की चौथ मांगने पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड स्थित सेनेटरी व्यापारी से गत 10 अक्टूबर को वहाट्सअप कॉल करके तीन करोड़ रुपये की चौथ मांगने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गत 10 से लेकर 20 अक्टूबर तक इस मामले में मामला दर्ज नही हुआ था। उपासना यादव के एसपी का कार्यभार संभालने के बाद इस मामले में एफआइआर दर्ज हुई है। इसके अलावा पुलिस ने व्यापारी की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को भी बदल दिया है। व्यापारियों ने पुलिस से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की उम्मीद है। गौरतलब है कि सेनेटरी व्यापारी आकाश गर्ग उर्फ सोनू के पास 10 अक्टूबर शाम को साढ़े छह बजे वहाट्सएप काल आई। उसने फोन नही उठाया तो वहाट्सएप पर एक आडियो रिकार्डिंग आई। उसमें तीन करोड़ रुपये की चौथ मांगी गई थी। 12 अक्टूबर को शहर के व्यापारी तत्कालीन एसपी कुलदीप सिंह से मिले। इसके बाद सोनू को सुरक्षा मुहैया करवाई गई। इसके बाद 17 अक्टूबर को फिर धमकी भरी काल आई। इसमें कहा गया कि जो तेरे को सुरक्षा मिली है, वह भी कुछ नहीं कर पाएगी।

खबर संक्षेप

40 असमर्थ महिलाओं को गेहूं वितरित किया

जींद। असमर्थ महिलाओं की सेवाए सामाजिक सरोकारों और जरूरतमंदों की सहायता में योगदान देने पर असमर्थ महिला कल्याण न्यास जींद की ओर से एडीसी प्रदीप कुमार को मानव रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। न्यास के 30वें वार्षिक अन्न वितरण समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। इस दौरान शहर की 40 असमर्थ महिलाओं को गेहूं भी वितरित किया गया।

लाडो लक्ष्मी योजना:पात्र महिलाएं करें पंजीकरण

जींद। हरियाणा सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की आधिकारिक शुरुआत कर दी है। योजना के इस नए चरण में पात्रता के दायरे को बढ़ाते हुए अब 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को भी शामिल कर लिया गया है। इस योजना का लाभ मिलने के बाद भी उनके सारे सरकारी लाभ जारी रहेंगे। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी को प्रति माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

ठगी से बचाव के लिए 1930 पर करें शिकायत

जींद। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है।

एक से चलाया जाएगा हरियाणवी पखवाड़ा

जींद। हरियाणवी बोली को हरियाणवी भाषा बनाए जाने के लिए एक नवंबर से पन्द्रह नवंबर तक हरियाणवी पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत हरियाणा की सभी साहित्यिक संस्थाएं विश्वविद्यालय और कॉलेज तथा स्कूलों के साथ मिल कर हरियाणवी साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि हरियाणा मैं हरियाणवी में लिखने वाले सैकड़ों साहित्यकार हैं, जिन्होंने प्रत्येक विधा में लिखा है, अनुवाद किए हैं। कविताएं, दोहे, नाटक, रागिनी इत्यादि सभी लिखे गए हैं।

विशाल वार्षिक मेले का आयोजन किया

नरवाना। नरवाना शहर से अग्रोहा धाम वार्षिक मेले के लिए प्रधान रोहताश सिंगला के नेतृत्व में आतिशबाजी व ढोल नगाड़ों के बीच सैंकड़ों श्रद्धालु बसों में रवाना हुए। प्रधान रोहताश सिंगला ने बताया कि आज अग्रोहा धाम में हर वर्ष की भांति इस बार भी विशाल वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुलदेवी महालक्ष्मी माता की महाआरती व महाराज अग्रसेन को छप्पन भोग लगाया जाएगा। हुड्डा मार्किट से मुकेश गोयल सुपुत्र जीया लाल गोयल प्रमुख समाजसेवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

महिला तीन वर्षीय बेटी सहित लापता, केस दर्ज

कैथल। पूंडरी क्षेत्र के एक गांव से 24 वर्षीय महिला और उसकी 3 साल की बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। महिला के पति ने पूंडरी थाना पुलिस को पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक गांव निवासी ने बताया कि उसकी 24 साल की पत्नी 3 साल की बेटी के साथ 23 अक्टूबर की सुबह से लापता हैं। उसने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर दोनों की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। जांच अधिकारी एसआई ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

व्यवस्थाओं का आंकलन कर दिए जाएंगे नंबर

आज से तीन दिवसीय दौरे पर आएगी एनक्वास टीम

रैंकिंग के आधार पर मिलेगा कैश अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को जांचने के लिए एनक्वास कार्यक्रम के तहत टीम सोमवार से तीन दिवसीय दौरे पर जींद आ रही है। टीम द्वारा यहां स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को जांचने के साथ ही इमरजेंसी, गायनी, सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। टीम में शामिल चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर, लेखा शाखा और अन्य प्रकार के रिकार्ड को भी जांचने काम भी किया जाएगा। टीम को सबकुछ बेहतर दिखाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। अब यह तो समय ही बताएगा कि टीम को जांच में अस्पताल में क्या-क्या खामियां मिलती हैं। नंबरों के आधार पर मिलता है अवार्ड: गौरतलब है कि स्वच्छ भारत के तहत कायाकल्प कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमें अस्पतालों में आपसी प्रतिस्पर्धा से स्वच्छता, गुणवत्ता और बेहतर सुविधाओं एवं सेवाओं में बढोत्तरी करवाना है। टीम द्वारा इंफेक्शन कंट्रोल, इंफ्रास्ट्रक्चर, साफ-सफाई, माहोल, बायामेडिकल वेस्ट, प्रबंधन, शौचालयों में स्वच्छता आदि बिंदुओं को परखा जाता है। जिसके बाद टीम द्वारा 100 नंबर से रैंक दिए जाते हैं और फिर अस्पताल प्रशासन को उसी रैंक के आधार पर नगद पुरस्कार मिलता है। एनक्वास टीम में डा. दक्षेश कुमार सोलंकी, डा. मानवप्रीत कौर ढिल्लों, डा. मीना मित्तल शामिल हैं। टीम द्वारा अस्पताल में लैब, टीकाकरण की स्थिति, इलाज करने की सुविधाएं, एंबुलेंस व्यवस्था, स्टोर रूम, दवाइयों की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था, एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी, ब्लड बैंक, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, लेबर रूम, ओपीडी, आप्रेशन थिएटर, पोस्टमार्टम, रेडियोलॉजी, फार्मेसी की जांच की जाएगी। निरीक्षण के दौरान टीम को किसी तरह की कोई कमी न मिले, इसको लेकर अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को पुख्ता किया जा रहा है।



जींद। एनक्वास टीम के आने से पहले मशीन से सफाई करवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

निरीक्षण को लेकर कर रहे तैयारी

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि हालांकि सोमवार को छुट्टी है। बाकायदा एनक्वास की टीम द्वारा 26 अक्टूबर से तीन दिन के लिए अस्पताल के निरीक्षण को लेकर स्टाफ को बुलाया गया है। अस्पताल प्रबंधन अपनी तरफ से मरीजों को पूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मरीजों को उपचार से संबंधित किसी तरह की कोई परेशानी नही आने दी जा रही है। निरीक्षण में अस्पताल अच्छी रैंकिंग हासिल कर कैश प्राइज जीतेगा।

जींद की बेटी श्रद्धा मंगला बनी एडीए

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए) परीक्षा के परिणाम में जींद के बैंक रोड निवासी श्रद्धा मंगला ने पूरे प्रदेश में चौथा रैंक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। श्रद्धा की इस सफलता पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने उनके निवास स्थान पर पहुंच कर श्रद्धा और उनके परिवार को बधाई दी तथा उन्हें सम्मानित किया। डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि श्रद्धा ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे जींद जिले और अग्रवाल समाज को भी गौरवान्वित किया है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी योग्यता का लोहा मनवा रही हैं। श्रद्धा की यह सफलता अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक है। हमें अपनी इस बेटी पर गर्व है। श्रद्धा मंगला के पिता नरेश कुमार, माता कुसुम और भाई कृष मंगला सहित परिवार के सदस्यों ने इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने श्रद्धा और उनके परिवार को मिठाई खिलाकर खुशी सांझा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



ये रहे मौजूद

संस्था की ओर से श्रद्धा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। संस्था के वरिष्ठ उपप्रधान सावर गर्ग, महासचिव रामधन जैन, पुष्पा अग्रवाल, सुशील सिंगला, मनीष गर्ग, सोनू जैन, रजत सिंगला, मनजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा को बधाई देते कहा कि कठिन प्रतियोगी परीक्षा में प्रदेश में चौथा स्थान हासिल करना उनकी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है। श्रद्धा ने साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर मेहनत से बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है। पदाधिकारियों ने श्रद्धा को भविष्य में एक ईमानदार, न्यायप्रिय- कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में सेवाएं देने के लिए शुभकामनाएं दी।

ओबीसी छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति की राशि जारी

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की वर्ष 2023 से लंबित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर लगातार उठाई जा रही मांग के बीच विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। एबीवीपी जींद के अनुसार गत 23 अक्टूबर को हरियाणा सरकार की ओर से शैक्षणिक सत्र 2024 एवं 2025 से संबंधित छात्रवृत्ति की राशि विद्यार्थियों के बैंक खातों में पहुंचनी शुरू हो गई। विद्यार्थी परिषद ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे लंबे समय से छात्रवृत्ति का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए राहत बताया है। रोहन सैनी ने बताया कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी कई वर्षों से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि मिलने का इंतजार कर रहे थे।



हमीरगढ़ पहुंचा आदित्य सुरजेवाला चलता-फिरता अस्पताल

नरवाना। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक बार फिर जनसेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया है। सेवा व समर्पण भावना से शुरू हुई जन सेवा की पहल का कारवां कैथल विधानसभा के साथ-साथ नरवाना क्षेत्र में भी लगातार जारी है। कलौदा कलां से शुरू मानव सेवा का अभियान के तहत नरवाना में दो दर्जन से ज्यादा गांव व नरवाना शहर के इलाकों में शिविर आयोजित कर चुका है। विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर सेवा व समर्पण के तहत शुरू की आदित्य निशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन गरीब व जरूरतमंदों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। जन सेवा के इस अभियान के तहत रविवार को आदित्य सुरजेवाला चलता-फिरता अस्पताल का कारवां नरवाना के गांव हमीरगढ़ में पहुंचा। यहां मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने स्वास्थय लाभ उठाया।

अग्रोहा धाम मेले के लिए बसें रवाना

जींद। अग्रोहा धाम में राष्ट्रीय मेले में भाग लेने के लिए जींद जिले से सैंकड़ों श्रद्धालु कई बसों में सवार होकर रवाना हुए। श्रद्धालुओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जींद शहर के बैंक रोड से अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अग्रोहा धाम पहुंच कर धार्मिक आयोजन में भाग लेने के प्रति उत्साह दिखाया। श्रद्धालुओं के लिए बसों की व्यवस्था करवाने में अग्रोहा धाम के जिला प्रधान आईडी गोयल, व्यापार मंडल जींद के प्रधान रामबिलास मित्तल, अग्रोहा धाम युवा इकाई के जिला प्रधान मयंक गर्ग, शहरी प्रधान नीरज गोयल, प्रदेश सचिव दीपक गोयल और सावर गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोगों की प्रमुख भूमिका रही। बसों के रवाना होने के दौरान उपस्थित लोगों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और धार्मिक यात्रा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि अग्रोहा धाम अग्रवाल समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आयोजित राष्ट्रीय मेले में भाग लेना श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। ऐसे आयोजन समाज के लोगों को एक मंच पर लाने के साथ आपसी भाईचारे, एकता और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श आज भी समाज को समानताए सहयोग और जनकल्याण की प्रेरणा देते हैं। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी को उनके सिद्धांतों से परिचित करवाना आवश्यक है। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी सद्भाव-सामूहिकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

मंडी में धान खराब होने की आशंका

गुहला-चीका। चीका अनाज मंडी में धान का उठान धीमा होने और पर्याप्त जगह उपलब्ध न होने के कारण किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। शनिवार रात हुई बारिश के चलते खुले में पड़ा किसानों का धान भीग गया, जिससे उसकी गुणवत्ता खराब होने और आर्थिक नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। मंडी में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदे गए धान का समय पर उठान नहीं होने से जगह की कमी बनी हुई है।

सकारात्मक सोच-मानसिक स्वास्थ्य का महत्व बताया

डीएवी स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल जींद में दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दूसरे दिन रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम दीप प्रज्वलन से शुरू होकर प्राचार्य डा. नीरज कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रिसोर्स पर्सन शीनम सेंट मैरी स्कूल हिसार और आशु इंदिरा गांधी स्कूल कैथल ने दूसरे दिन शिक्षकों को महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। दूसरे दिन के मुख्य बिंदू हर बच्चा महत्वपूर्ण है और उसकी रुचि को पहचानना जरूरी है। औसत से कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने की रणनीति पर जोर दिया गया। स्मार्ट टीचर बनें,कक्षा में अनुशासन और स्मार्ट शिक्षण पद्धति अपनाने के टिप्स दिए गए। सीबीएसई द्वारा सत्र 2026-27 के लिए जारी पैरेंटिंग कैलेंडर की जानकारी दी गई। लेसन प्लान को प्रभावी तरीके से बनाने और लागू करने पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों के ग्रुप बना कर प्रेजेंटेशन भी ली गईए जिसमें सभी ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। रिसोर्स पर्सन ने बताया कि कैसे जानें कि बच्चा किस कार्य के लिए उपयुक्त है और सामाजिक विज्ञान में करियर के अपार अवसर हैं। जैसे सिविल सेवा, शिक्षण क्षेत्र, वकालत, पत्रकारिता, पुरातत्वविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिक विश्लेषक, सामाजिक कार्यकर्ता, एचआर मैनेजर, म्यूजियम क्यूरेटर और कंटेंट राइटर। कार्यक्रम के अंत में डीएवी स्कूल के प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने सभी शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर बात की और बताया कि तनाव, अवसाद और मैनिपुलेशन का प्रबंधन कैसे करें और खुश कैसे रहें। उन्होंने सकारात्मक सोच और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।



जींद। सेमिनार को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

रग्बी प्रतियोगिता के दूसरे दिन दिखाया दमखम

जींद। रग्बी प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ अनुराधा सैनी चेयरमैन नगर परिषद जींद, अंजू सिहाग डायरेक्टर आधारशिला स्कूल जींद और बबीता सिंह संयुक्त सचिव रग्बी संघ हरियाणा ने किया। सत्यवीर ने बताया कि अस्मिता रग्बी राज्य प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 24 से 25 अक्टूबर तक आधारशिला स्कूल जींद में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 15 एवं अंडर .18 आयु वर्ग की लड़कियों के लीग मुकाबले करवाए गए। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की कुल 20 टीमों ने भाग लिया। सुशील ढांडा महासचिव रग्बी संघ हरियाणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्मिता खेल से ही है मेरी पहचान हरियाणा राज्य प्रतियोगिता में 15 साल आयु वर्ग लड़की पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जींद और सोनीपत के मैच में जींद ने मैच जीतकर सेमीफाइनल मेंए दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पानीपत और रोहतक के मैच में पानीपत ने मैच जीता और सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हिसार और भिवानी की भिड़ंत में भिवानी ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीएससी अंतिम वर्ष की निशु प्रथम

■ केएम राजकीय महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

केएम राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बायोबैटल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लाइफ साइंसेज के 36 विद्यार्थियों ने स्क्रीनिंग में भाग लिया, जिनमें से 18 छात्रों का चयन कर छह टीमों का गठन किया गया। प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने प्रेरित करते कहा कि प्रतियोगिताएं ज्ञान, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ाने में सहायक होती हैं। प्रतियोगिता का संचालन सहायक प्राध्यापिका सुश्री तन्नू एवं सुश्री समीक्षा ने क्विज मास्टर के रूप में किया, जबकि सहायक प्राध्यापिका सुश्री ज्योति एवं पूनम ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राणी विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष कीर्ति बेनीवाल के निर्देशन में प्रतियोगिता में वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री समीक्षा ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सहायक प्राध्यापक राजेश श्योकंद भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम में बी.एससी. अंतिम वर्ष की निशु , प्रथम वर्ष की ममता ,और अंशु शामिल रहीं। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में बी.एससी. अंतिम वर्ष की आरती , द्वितीय वर्ष की प्रीति तथा प्रथम वर्ष की भूमिका शामिल रहीं। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में बी.एससी. द्वितीय वर्ष के योगेश,स्नेहा तथा प्रथम वर्ष के अमन शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय सिंह ने प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह, सभी सहयोगियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।





हिमाचल प्रदेश के गवर्नर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते एसडीएम जगदीश चंद्र।

हिमाचल प्रदेश के गवर्नर कविंद्र गुप्ता का स्वागत

नरवाना। हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल कविंद्र गुप्ता रविवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचे। महामहिम राज्यपाल का नरवाना के लोक निर्माण विश्रामगृह में पहुंचने पर एसडीएम जगदीश चंद्र ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और प्रशासन की तरफ से उनकी आगवानी की। इस मौके पर डीएसपी कमलदीप राणा, तहसीलदार विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। महामहिम राज्यपाल कविंदर गुप्ता को रेस्ट हाउस प्रांगण में पुलिस की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ़ ऑनर भी दिया गया। गौरतलब है कि महामहिम राज्यपाल अग्रोहा धाम के अपने प्रवास के दौरान यहां कुछ समय के लिए रुके थे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मुलाकात और जलपान करने के पश्चात महामहिम राज्यपाल अपने सरकारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार अग्रोहा के लिए रवाना हो गये। अग्रोहा धाम में 43 वें वार्षिक व्यापार कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल का बतौर मुख्यअतिथि शामिल होना प्रस्तावित था।

लायंस क्लब जींद सिटी ने धूमधाम से मनाया सुहाग बेला करवा महोत्सव

आपसी प्रेम पारिवारिक एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया

भारत भूषण गोयल एवं लायन लेडी आशा गोयल बने बेस्ट करवा कपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा निजी होटल में सुहाग बेला करवा महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों एवं लायन लेडीज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में एंकर की भूमिका लायन लेडी दिव्या शुभम सिंगला एवं लायन लेडी रेखा मोहित जिंदल ने निभाई। दोनों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति, मनोरंजक अंदाज और शानदार संचालन से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर लायन नितिन सिंगला रहे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण बेस्ट करवा कपल प्रतियोगिता रही। जिसमें लायन भारत भूषण गोयल एवं लायन लेडी आशा गोयल ने बेस्ट करवा कपल का खिताब हासिल किया। इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने मिल कर खूब आनंद उठाया। आयोजन ने आपसी प्रेम पारिवारिक एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया। पूरा वातावरण उत्साह उमंग व खुशियों से सराबोर रहा। लायंस क्लब जींद सिटी के अध्यक्ष लायन विकास मित्तल ने कार्यक्रम की शानदार सफलता पर सभी सदस्यों को बधाई दी तथा एंकर लायन लेडी दिव्या शुभम सिंगला, लायन लेडी रेखा मोहित जिंदल और प्रोजेक्ट डायरेक्टर लायन नितिन सिंगला का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग एवं सहभागिता से ऐसे पारिवारिक आयोजन यादगार बनते हैं और आपसी संबंधों में और अधिक मधुरता आती है। लायंस क्लब जींद सिटी की ओर से बेस्ट करवा कपल लायन भारत भूषण गोयल एवं लायन लेडी आशा गोयल को बधाई दी।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए क्लब महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। स्वच्छता अभियान चलाए सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

डस्टबिन स्वच्छता का मूल मंत्र : सेव

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने रविवार को महात्मा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान श्रमदान कर के किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 485वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने कहा कि स्वच्छता में सभी ने अपना सहयोग करना चाहिए। हर आदमी ने झाड़ू निकाल कर डस्टबिन में कूड़ा डालना चाहिए और वह डस्टबिन खुले में ना फेंक कर नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। स्वच्छता का मूल मंत्र डस्टबिन है। इसीलिए सभी ने अपना हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालना चाहिए। स्वच्छता पर्यावरण शुद्ध रखने में अहम योगदान करती है सभी ने स्वच्छता में अपना योगदान देने के लिए हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालना चाहिए। वह डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। सुल्तान सिंह आर्य, बलबीर सिंह श्योकंद, रोहताश गुप्ता, बलवीर सिंह ईगराह, सुजान सिंह पूनिया, अजीत सिंह मलिक, पवन देशवाल आदि साथी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



कन्या प्राइमरी स्कूल के पास सड़क में गहरी खाई

राजौंद। नगर के जींद मार्ग पर वार्ड नंबर 7 स्थित कन्या प्राइमरी स्कूल के पास सड़क के बीचों-बीच बनी गहरी खाई लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क में बने गड्ढे के कारण कई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। स्कूल के पास होने के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों को भी हादसे का डर बना रहता है।स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद कर्मवती से समाधान करवाने की मांग की। पार्षद कर्मवती ने बताया कि उन्होंने लोगों की समस्या को लेकर पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया है। अधिकारियों ने जल्द ही सड़क की खाई को ठीक करवाने का आश्वासन दिया है। पार्षद ने स्कूल के पास विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गति अवरोधक बनवाने की मांग भी की है।

ई-रिक्शा चालकों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

कैथल। शहर में यातयात नियमों की अनदेखी करने वाले ई-रिक्शा चालकों पर अब पुलिस की निगाह टेडी हो गई हैं। पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बार-बार जागरूक करने के बावजूद नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रविवार को 5 ई-रिक्शा इंपाउंड किए और 5 के चालान काटे। जांच के दौरान ई-रिक्शा की पासिंग नहीं होने, चालकों के लाइसेंस और निर्धारित वर्दी से जुड़े नियमों की अनदेखी जैसे मामले सामने आए।

साइबर ठगों ने यूपीआई के जरिए 606338 ठगे

कैथल। पूंडरी में एक मेडिकल स्टोर संचालक के तीन बैंक खातों से यूपीआई के जरिए 6 लाख 6 हजार 338 रुपए की साइबर ठगी कर ली। पीड़ित के अनुसार, मोबाइल पर आए मैसेज में भेजे गए लिंक पर क्लिक करने के बाद उसके बैंक खातों से 20 और 21 अक्टूबर को अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रुपए निकाल लिए गए। मोबाइल पर लगातार मैसेज आने के बावजूद उसने शुरुआत में इन्हें नजरअंदाज कर दिया।

बैंकों का निजीकरण मंजूर नहीं : प्रेम चंद

कैथल। सीपीआई एम के प्रदेश सचिव व जिला कार्यवाहक सचिव जयप्रकश शास्त्री ने प्रेस को संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि माकपा आईडीबीआई बैंक के 60.72 प्रतिशत शेयर फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स, कनाडा को बेचने की मंजूरी देने वाले केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फ़ैसले का कड़ा विरोध करती है। यह भारत के रिजर्व बैंक की दिशा निर्देशों का उल्लंघन है, जो विदेशी इकाइयों को भारतीय बैंकों में 26 प्रतिशत से ज़्यादा मताधिकार रखने से रोकती हैं। फेयरफैक्स के पास पहले से ही कैथोलिक सीरियन बैंक में 40 प्रतिशत शेयर हैं।

प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने पदक विजेता को दी बधाई

हनप्रीत ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स में जीता रजत

शॉटपुट में दूसरा स्थान हासिल कर जिले की पहली पदक विजेता खिलाड़ी बनने का पाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद की छात्रा एवं गांव रोहेड़ा निवासी हनप्रीत ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉटपुट स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर हनप्रीत ने न केवल अपने विद्यालय और गांव, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव एवं पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता सोहन पाल राणा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली हनप्रीत जिले की पहली लड़की है। उन्होंने बताया कि हनप्रीत पिछले करीब तीन वर्षों से लगातार प्रशिक्षण ले रही है और राजौंद स्थित विद्यालय के खेल प्रांगण में ही नियमित अभ्यास करती है।उन्होंने बताया कि हनप्रीत गांव रोहेड़ा से राजौंद आकर नियमित रूप से प्रशिक्षण लेती रही है। उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है कि उसने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि हनप्रीत ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।हनप्रीत की इस उपलब्धि पर पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने खिलाड़ी और उसके प्रशिक्षक सोहन पाल राणा को बधाई दी। विद्यालय परिवार ने हनप्रीत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी सफलता से विद्यालय की अन्य छात्राओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।



राजौंद। राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शॉटपुट में रजत पदक जीतने वाली हनप्रीत अपने प्रशिक्षक सोहन पाल राणा के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदर्शन को सराहा

खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने भी हनप्रीत और उसके प्रशिक्षक सोहन पाल राणा को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे आगे भी इसी तरह मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

बीएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने एयर कंडीशनिंग रिपेयर केंद्र का दौरा किया



कैथल। रवि एयर कंडीशनिंग मरम्मत केंद्र का एक शैक्षणिक दौरा करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

- छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की तकनीकी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के बी.एससी. अंतिम वर्ष (भौतिक विज्ञान – इलेक्ट्रॉनिक्स) के विद्यार्थियों ने शहर के प्रतिष्ठित रवि एयर कंडीशनिंग (एसी) मरम्मत केंद्र का एक शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को एयर कंडीशनिंग सिस्टम के कार्य सिद्धांतों, घटकों (कंपोनेंट्स), रखरखाव और मरम्मत का व्यावहारिक अनुभव (प्रैक्टिकल एक्सपोज़र) प्रदान करना था। प्राचार्य डॉ गगन मित्तल ने आशा जताई कि यह शैक्षणिक दौरा विद्यार्थियों के लिए एक समृद्ध शिक्षण अनुभव साबित होगा, जिसने छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यावहारिक अनुप्रयोगों और तकनीकी व सेवा-उन्मुख उद्योगों में बढ़ते करियर के अवसरों को तलाशने के लिए प्रेरित करेगा।

जानकारी प्राप्त की

उन्होंने प्रशीतन (रेफ्रिजरेशन) प्रणाली, तापमान नियंत्रण तंत्र, खराबी की पहचान (फॉल्ट डायग्नोसिस) और नियमित रखरखाव प्रक्रियाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। इस दौरे ने छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स और भौतिकी (फिजिक्स) में पढ़े गए सैद्धांतिक सिद्धांतों को दैनिक जीवन में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के साथ जोड़ने में मदद की। इसने उन्हें एयर कंडीशनिंग सर्विसिंग, रेफ्रिजरेशन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के रखरखाव में आवश्यक तकनीकी कौशल से भी परिचित कराया। इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश देशवाल और इलेक्ट्रॉनिक्स की सहायक प्रोफेसर मंजू गर्ग के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने एयर कंडीशनिंग सिस्टम के विभिन्न घटकों को देखा, जिसमें कंप्रेसर, कंडेनसर, इवेपोरेटर, कूलिंग कॉइल्स और उससे जुड़े इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण सर्किट शामिल थे।

शरद पूर्णिमा पर अग्रोहा धाम के लिए बस रवाना



कैथल। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अग्रवाल युवा सभा के प्रधान अशोक गोयल ने अग्रोहा धाम के लिए श्रद्धालुओं से भरी निशुल्क बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बस को कैथल के कमेटी चौक स्थित अग्रवाल युवा सभा के निर्माणाधीन नए भवन के पास से रवाना किया गया। इस बस यात्रा कार्यक्रम के संयोजक मनोज सिंगला एवं दानवीर फकीरचंद सहित अन्य लोगों ने अग्रवाल युवा सभा के प्रधान अशोक गोयल को इस बस यात्रा को भेजने के लिए धन्यवाद एवं स्वागत किया। इसके बाद धार्मिक वातावरण के बीच बस को अग्रोहा धाम के लिए रवाना किया गया।इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी मां लक्ष्मी के जयकारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

कैथल टीम ने 87 रन से जीता मैच

- क्रिकेट में एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय कैथल की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एन आई आईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में एलीट ऑफिशियल्स क्रिकेट लीग का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन खेल भावना, एकता, भाईचारे और क्रिकेट की सच्ची भावना का उत्सव साबित हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल, जिला पुलिस उप निरीक्षक सुशील शर्मा, विश्वविद्यालय प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर देवेंद्र सिंह ढुल, विश्वविद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ बलराज ढांडा, विश्वविद्यालय दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, विश्वविद्यालय चीफ एडमिन कैप्टन अनिल, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय लीजेंड टीम के कप्तान दर्शन अरोड़ा ने विजय ट्रॉफी मुख्य अतिथि द्वारा ग्रहण की। पुलिस 11 टीम के कप्तान सुमित ने रनर ट्रॉफी ग्रहण की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पुलिस इलेवन और एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल की टीम के बीच हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की टीम विजयी रही और ट्राफी पर कब्जा किया। फाइनल मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस 11 टीम में 19.1 ओवर खेलते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाएं जिसके जवाब में विश्वविद्यालय लीजेंड टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए केवल 8.1 ओवर में ही बगैर विकेट गंवाए 87 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।



कैथल। क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाडी तथा अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

विज्डम विद्यापीठ में स्कॉलरशिप परीक्षा का सफल आयोजन, 2780 दे चुके हैं परीक्षा



जींद। विजडम विद्यापीठ में विजडम स्कोलरशिप कम एडमिशन टैस्ट परीक्षा का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। विजडम विद्यापीठ केंद्र पर लगभग 1,022 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी। इस स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन अब तक कुल 11 स्कूलों में किया जा चुका है। जिसमें कुल मिलाकर 2,780 बच्चों ने भाग लिया है। परीक्षा का परिणाम अगले दो दिनों में घोषित कर दिया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आकर्षक कैश प्राइज और लाखों रुपये की स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाएगा। निदेशक डा. राहुल राठी ने कहा कि ष्केवल एक वर्ष के अल्प समय में ही विद्यार्थियों का इस प्रकार से अभूतपूर्व उत्साह दिखाना और इतनी बड़ी संख्या में परीक्षा में शामिल होना विजडम विद्यापीठ को जींद में एक मजबूत और विश्वसनीय ब्रांड के रूप में स्थापित करता है। यह संस्थान नीट और जेईई जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कोटा और सीकर की तर्ज पर सर्वश्रेष्ठ ऑफलाइन फैकल्टी के मार्गदर्शन में उपलब्ध करा रहा है।

सद्भावना साहित्य सदन की काव्य गोष्ठी

- आज दिवाली है और मगर मेरा कमंडल खाली है. . . से जीता श्रोताओं का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल शहर के डॉक्टर अंबेडकर भवन, सेक्टर 21, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कैथल में सद्भावना साहित्य सदन कैथल द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर विकास आनन्द ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं संगीत विशारद् श्याम सुंदर शर्मा गौड़ और रिसाल सिंह जांगड़ा और भोला राम विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। मंच संचालन डॉक्टर अशोक कुमार ने किया। काव्य गोष्ठी का आगाज़ करते हुए दिलबाग अकेला ने महर्षि वाल्मीकि को समर्पित रचना बोलते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी रामायण के रचयिता श्री राम जी के बच्चों को भी थाम लिया रे। सतबीर जागलान ने सुनाया की बीजी बीजी सारे कह्वैं टैम नहीं स म्हारे प। विशिष्ट अतिथि भोलाराम ने कहा कि रामलीला संपन्न हुई देखने के बड़े नजारे थे। सीता लक्ष्मण अंगद के बोल बड़े करारे थे। सुरेश कुमार कल्याण ने का रामायण और संत बाल्मीकि को मध्य नजर रखते हुए कहा कि - रामायण के रचयिता वाल्मीकि महानाम ,रक्त बूंद तन स्वास जिन बस्ते सीताराम।



कैथल। सद्भावना साहित्य सदन कैथल द्वारा आयोजित काव्य एवं विचार गोष्ठी के दौरान उपस्थित रचनाकार। *फोटो : हरिभूमि*

पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठा कर सशक्त हो रहे छोटे कारोबारी : अपराजिता

कैथल। छोटे कारोबारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से रेहड़ी, पटरी, ठेला और फेरी लगाकर आजीविका कमाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। यह जानकारी डीसी अपराजिता ने दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य छोटे कारोबारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर उन्हें अपने व्यवसाय को मजबूत बनाने के अवसर प्रदान करना है।

उठान धीमा होने से राजौंद अनाज मंडी में धान की बोरियों के लगे अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

राजौंद अनाज मंडी में धान की खरीद के मुकाबले उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण मंडी में बोरियों के अंबार लग गए हैं।

मंडी में अब तक 99 हजार 558 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है, जबकि इसमें से केवल 45 हजार 500 क्विंटल धान का उठान हो पाया है। ऐसे में 54 हजार 58 क्विंटल धान अभी मंडी में पड़ा हुआ है।उठान धीमा होने से आढ़ती और किसान परेशान हैं। मंडी में लगातार धान की आवक जारी रहने के कारण जगह की कमी होने लगी है। किसानों को चिंता सता रही है कि यदि जल्द उठान नहीं हुआ तो नई फसल डालने के लिए मंडी में पर्याप्त स्थान नहीं बचेगा। वहीं मौसम में बदलाव की संभावना को देखते हुए भी किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित हैं।मार्केट कमेटी के सचिव देवेंद्र मोर ने बताया कि उठान में तेजी लाने को लेकर शनिवार को संबंधित एजेंसी के उच्च अधिकारियों को लिख दिया गया है। उन्होंने कहा कि कल तक उठान कार्य को व्यवस्थित कर दिया जाएगा, ताकि मंडी में किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



राजौंद। अनाज मंडी में उठान धीमा होने के कारण लगी धान की बोरियों की कतारें।

रामलीला के कलाकार सम्मानित

- प्राचीन कपिल मुनि मंदिर परिसर में बढ़ाया गया कलाकारों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत में शिव रामलीला क्लब मंच के माध्यम से बेहतरीन ढंग से रामलीला का मंचन करने पर कलाकारों का पावन शरद पूर्णिमा अवसर पर अभिनंदन किया गया।शिव रामलीला क्लब निदेशक मा.रमेश सरीन की अगुवाई में यह आयोजन प्राचीन कपिल मुनि मंदिर परिसर में स्थित मां कात्यानी मंदिर के आंगन में संपन्न हुआ। इसमें भगवान कपिल मुनि मंदिर के पुजारी संजय गौतम, अनिरुद्ध गौतम, कल्ब प्रधान सोमनाथ राणा, सह निदेशक नरेश गर्ग और कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कपिल मुनि तीर्थ कमेटी उप प्रधान आर. एस धानियां और विश्व हिंदू परिषद जिला वीरभान निर्मल संयोजक के तौर पर मौजूद रहे।इस दौरान मंच के माध्यम से बेहतरीन ढंग से रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें पलकों पर बैठाया गया। विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और 36 बिरादरी के प्रतिनिधियों ने कहा कि वास्तव में कलाकारों ने रामलीला मंचन के जरिये रामायण से जुड़े कई अध्यायों को इस बार जीवंत कर गया। रामलीला मंचन से कुछ दूरी पर स्थित महर्षि आश्रम के जरिये महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं का संदेश देना और कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज को राजा दरशथ पुत्रों के गुरुकुल मे दर्शाना सही मायने में इतिहास के पन्नों की वास्तविक रूप से तस्वीर पेश कर गया।



कलायत। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर परिसर में शिव रामलीला क्लब कलाकारों का सम्मान समारोह। *फोटो : हरिभूमि*

कार्यक्रम सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

मन की बात' देश की विविधता और प्रतिभाओं को जानने का सशक्त माध्यमः अमरपाल राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

विधानसभा क्षेत्र गुहला के अग्रवाल धर्मशाला में बूथ संख्या 55 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुनने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला प्रभारी एवं पूर्व चेयरमैन अमरपाल राणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता राजेश शर्मा पिंटू ने किया। इसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर राजेश शर्मा पिंटू ने मुख्य अतिथि अमरपाल राणा का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। साथ ही भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने तथा केंद्र और हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर भी चर्चा की गई। अमरपाल राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल रेडियो प्रसारण नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, परंपराओं, उपलब्धियों और जनभावनाओं को जानने का महत्वपूर्ण माध्यम है।



गुहला-चीका। अमरपाल राणा का स्वागत करते भाजपा नेता राजेश शर्मा पिंटू व अन्य कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

ये रहे मौजूद

ये रहे मौजूद कार्यक्रम में राजेश शर्मा, फूल सिंह खेड़ी चेयरमैन, जगमाल राणा, महेंद्र चीमा, राजीव शर्मा, कर्मचंद गर्ग, मंडी प्रधान रामसरूप जिंदल, प्रधान सैलर एसोसिएशन दर्शन लाल, प्रदीप सीडा, रतिराम, पार्षद अमरीक, जय भगवान बोपुर, संजू शर्मा, पूर्व मंडल प्रधान लीला राम, गुरदेव सैनी, ईश्वर अत्रि, राजू गोरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूनतम वेतन 42,000 रुपये प्रतिमाह करने, श्रम कानून लागू करने और मनरेगा बहाल करने की मांग

1 से 3 तक दिल्ली में पड़ाव की तैयारी को लेकर मजदूर संगठन सीटू ने कमर कसी

सीटू ने बैठक कर दिल्ली जाने की तैयारी की



कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते कर्मचारी नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

न्यूनतम वेतन 42000 महीना, श्रम कानून लागू करने, मनरेगा की बहाली, भवन निर्माण बोर्ड से अनाप शनाप शर्तें हटाने, स्कीम वर्करों आगनबाड़ी, आशा और मिड डे मील वर्करों को कर्मचारी का दर्जा, महंगाई और निजीकरण पर रोक तथा सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतें पूरा करवाने आदि मांगों को लेकर होने वाला 1 से 3 दिसंबर तक तीन दिन का दिल्ली में पड़ाव की तैयारी को लेकर शहीद भगत सिंह भवन कैथल में मजदूर संगठन सीटू कैथल ब्लॉक की विस्तारित मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता सीटू जिला के उपाध्यक्ष बसाऊराम चंदाना ने की व संचालन नरेश रोहेड़ा जिला सचिव ने किया। मीटिंग में दिल्ली पड़ाव में शामिल होने की योजना बनाते हुए कैथल ब्लॉक तालमेल कमेटी का चुनाव किया गया जिसमें तालमेल कमेटी कन्वीनर शकुंतला शर्मा और उप कन्वीनर नरेश रोहेड़ा व विजय शर्मा के साथ-साथ सभी सीटू के सभी संगठनों से दो दो पदाधिकारी सदस्य के रूप में शामिल किए गए। प्रेस को दी जानकारी में सीटू के नेता जयप्रकाश शास्त्री ने प्रेस को दी जानकारी में बताया आज इस निजीकरण व महंगाई के दौर में मजदूर के हालात बद से बत्र होते जा रहे हैं अच्छे दिनों का वादा करने वाली मोदी सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है जिस कारण मोदी सरकार के खिलाफ लोगों में गहरा रोष है जो बीते दिनों दिल्ली व अन्य शहरों में पूरी दुनिया ने देखा। इसलिए लोगों के अधिकार सुरक्षित रखने व संविधान की आबरू बचाए रखने के लिए सीटू राष्ट्रीय कमेटी द्वारा लिए गए फैसले 1 से 3 दिसंबर तक दिल्ली पड़ाव में शामिल होने के लिए सभी ब्लॉकों में ऐसी ही ब्लॉक कमेटीयों के चुनाव कर तैयारीया जोरों से की जाएगी और सैकड़ो की संख्या में मजदूर तीन दिवसीय पड़ाव में शामिल होकर सरकार को विनाशकारी नीतियां को लागू करने से रोकने के लिए संघर्ष करेंगे इस मौके पर आंगनबाड़ी के नेता मनजीत हाबडी, सफाई कर्मचारियों के नेता बीरभान जखोली, मनरेगा से रामपाल तारागढ़ ,के साथ साथ आशा वर्कर, मिडडे मील आदि से अन्य शामिल हुए।

मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार के लिए सरकार ने उठाए कदम : देवेंद्र पांचाल

■ श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं विभिन्न योजनाएं : पांचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



पूंडरी। कार्यकर्ताओं से बात करते हुए चेयरमैन देवेंद्र पांचाल। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा लेबर फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र पांचाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याण के कार्य कर रही है। सरकार ने मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। मजदूर किसी भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव होते हैं और उनके हितों की रक्षा करना जरूरी है। देवेंद्र पांचाल पूंडरी में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण, उनकी सामाजिक सुरक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। हरियाणा लेबर फेडरेशन के माध्यम से भी मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, श्रमिकों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के लिए सरकार की ओर से अनेक कल्याणकारी प्रावधान किए गए हैं। श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन में सुधार लाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। मजदूरों को इन योजनाओं की जानकारी होना भी आवश्यक है, ताकि वे पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठा सकें। फेडरेशन का प्रयास है कि मजदूरों की समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाए और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएं, ताकि जरूरतमंद परिवार इनका लाभ उठा सकें। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पूंडरी मनोज राणा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जींद। प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में मौजूद हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

समूहगान राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम : कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

■ भारत विकास परिषद की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में 20 स्कूलों की टीमों ने लिया भाग, विद्यार्थियों को दिया राष्ट्रसेवा का संदेश

समूहगान देश की सांस्कृतिक विविधता, राष्ट्रीय एकता और सामूहिकता का सशक्त प्रतीक है। अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के बावजूद भारतीयता की भावना पूरे देश को एक सूत्र में बांधती है। यह बात हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने रविवार को गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में भारत विकास परिषद की जयंती शाखा की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में संबोधित करते हुए कही। कर्मवीर सैनी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति केवल नारों तक सीमित नहीं होनी चाहिएए बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और अच्छे चरित्र को जीवन का आधार बनाकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढने के साथ युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से भी जुड़े रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति का वसुधैव कुटुम्बकम सिद्धांत पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भारत विकास परिषद के ध्येय वाक्य संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण को समाज निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना विकसित करते हैं। प्रतियोगिताओं में केवल जीत ही महत्वपूर्ण नहीं होती बल्कि भागीदारी से मिलने वाला अनुभव भी भविष्य में आगे बढने की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने पर विनम्र रहना और असफलता की स्थिति में धैर्य बनाए रखना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर, महिला सम्मान और सामाजिक सद्भाव आवश्यक हैं।

न्यूज डायरी

ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर चुनी मीडिया इलेवन क्रिकेट टीम



कैथल। जींद रोड स्थित विद्या निकेतन क्रिकेट अकादमी में रविवार को मीडिया इलेवन क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए गए। इसमें करीब 20 पत्रकारों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया गया। ट्रायल के दौरान पत्रकारों में क्रिकेट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ट्रायल की प्रक्रिया क्रिकेट अकादमी के कोच मनोज कुमार की देखरेख में पूरी हुई। उन्होंने खिलाड़ियों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी का आकलन किया।

पूर्व सैनिक राज्यपाल आचार्य देव व्रत का 27 को करेंगे स्वागत



कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल 27 अक्टूबर को गांव गोविंदपुरा जिला कैथल में आचार्य देवव्रत राज्यपाल गुजरात के आगमन पर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल द्वारा स्वागत किया जाएगा एवं माननीय से पूर्व सैनिकों संबंधित बातचीत करेंगे और अपने एसोसिएशन का स्मृति चिन्ह भेंट करके माननीय राज्यपाल महोदय को सम्मानित करने का काम करेंगे। एसोसिएशन ने इसका फैसला आज सूबेदार रामचंद्र मलिक के निवास स्थान पर उनके पौते को आशिर्वाद देना के बाद एक मीटिंग करके एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने लिया और एसोसिएशन प्रधान ने जिला के पूर्व सैनिकों से कहा कि राज्यपाल महोदय के स्वागत के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।

कार्तिक मास को लेकर मंगलवार से निकलेगी प्रभात फेरी



राजौंद। दुर्गा मंदिर कमेटी के सदस्यों की बैठक रविवार को मंदिर कार्यालय में कमेटी प्रधान देवेंद्र भनोट की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में मंगलवार से शुरू होने वाली प्रभात फेरी को लेकर चर्चा की गई।प्रधान देवेंद्र भनोट ने बताया कि प्रभात फेरी मंगलवार से प्रतिदिन सुबह 5 बजे दुर्गा मंदिर से रवाना होगी। प्रभात फेरी विभिन्न मार्गों से परिक्रमा करते हुए सुबह करीब 6 बजे वापस मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद मंदिर में आरती की जाएगी तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

सावधान! बकाया बिजली बिल के फर्जी एसएमएस भेजकर उपभोक्ताओं से हो सकती है ठगी

कैथल। आज के युग में तकनीकी दिन प्रतिदिन बढ रही है, उसके फायदे भी है और नुकसान भी है ऐसे मे साइबर अपराधी तरह तरह के तरीके अपनाकर लोगो को विश्वास में लेकर उनके साथ ठगी को अंजाम देते है। जिला पुलिस ने एक एडवाइजरी के माध्यम से नागरिकों को सतर्क करते हुए अनुरोध किया है कि वे बकाया बिजली बिलों के संबंध में एसएमएस द्वारा उन्हें कनेक्शन काटने संबंधी भेजे जा रहे फर्जी संदेशों पर कोई जानकारी सांझा न करें। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने विस्तार से बताया कि साइबर क्राइम का एक नया चलन सामने आया है जिसमें साइबर जालसाज बिजली बिल का भुगतान न करने के नाम पर लोगों को ठगने में लगे हैं। ऐसे जालसाज व्यक्तिगत और बैंकिंग डाटा चुराने व मैलवेयर इंस्टॉल करने वाले लिंक पर क्लिक करने के लिए विश्वसनीय स्रोतों से होने का दावा करते हुए टेक्स्ट मैसेज भेजते हैं।

गुरु पूर्णिमा पर पंजाबी युवा सभा ने करवाई श्री सत्यनारायण व्रत कथा

पूंडरी। पूंडरी में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पंजाबी युवा सभा की ओर से पंजाबी धर्मशाला स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में भव्य श्री सत्यनारायण व्रत कथा एवं धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सपरिवार भाग लेकर भगवान श्री सत्यनारायण का आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। पंडित शुभम भारद्वाज ने विधिवत पूजन करवाया और श्रद्धालुओं को भगवान श्री सत्यनारायण की कथा सुनाई। कथा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कथा समापन के बाद आरती की गई और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005



हरियाणा कृषक समाज के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर सिंह के निधन से सर्व समाज को बड़ी क्षति : कृष्ण बेदी

नरवाना। उपमंडल के गांव दनौदा में हरियाणा कृषक समाज के प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय ईश्वर सिंह के निधन पर आयोजित शोक सभा में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह के व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका असमय चले जाना सर्व समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने समाज के लिए एक ऐसी कमी छोड़ दी है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा। इस मौके पर उत्तरी भारत के अनेकों खापों के अध्यक्षों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि स्वर्गीय ईश्वर सिंह ऐसी शख्सियत थे, जिनके व्यक्तित्व का वर्णन शब्दों में करना बेहद कठिन है।

चार साल बाद भी बस अड्डे का नहीं खुला पंप

■ निजी पेट्रोल पंप पर डीजल भरवा रही बसें, समय हो रहा बर्बाद

■ रोजाना 40 से 50 बसों के अतिरिक्त फेरों से बढ़ रहा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद बस अड्डा पर खड़ी बसें।

नए बस स्टैंड पर चार साल बीतने के बावजूद रोडवेज का डीजल पंप शुरू नही हो पाया है। इसके चलते रोडवेज बसों को डीजल भरवाने के लिए छह किलोमीटर दूर गोहाना रोड स्थित निजी पेट्रोल पंप तक जाना पड़ रहा है। इस व्यवस्था से जहां बसों का अतिरिक्त समय बर्बाद हो रहा है, वहीं यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार बस में यात्रियों को बैठाने के बाद चालक व परिचालक डीजल भरवाने के लिए बस को पंप पर ले जाते हैं। इससे यात्रियों को 30 से 40 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है और उनके गंतव्य तक पहुंचने में देरी होती है। बसों में प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों के अनुसार बस स्टैंड को नए स्थान पर शिफ्ट करते समय डीजल पंप जैसी जरूरी सुविधा शुरू की जानी चाहिए थी। चार साल बाद भी पंप चालू नहीं होने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यात्रियों का कहना है कि बसों में सफर करने वाले लोगों का समय भी महत्वपूर्ण है लेकिन तेल भरवाने के लिए बसों को दूसरे स्थान पर ले जाने से उनकी यात्रा प्रभावित होती है।

रोजाना 40 से 50 बसों के अतिरिक्त फेरों से बढ़ रहा खर्च

जींद डिपो में वर्तमान में 165 विभागीय बसों के अलावा किलोमीटर स्कीम की 37 बसें संचालित हैं। डीजल भरवाने के लिए बसों को प्रतिदिन अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। यदि प्रतिदिन 40 से 50 बसें छह किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाती हैं तो महीनेभर में हजारों किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय होता है। इससे डीजल की खपत और परिचालन खर्च बढ़ता है। विभाग को होने वाले वास्तविक आर्थिक नुकसान का आकलन अतिरिक्त दूरी, बसों की संख्या और ईंधन खपत के आधार पर किया जा सकता है।

विधायक जांबा के प्रयास से डीग और बरसाना में बनेंगे सब-हेल्थ सेंटर



पूंडरी। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में हरियाणा सरकार ने बड़ी सौगात दी है। विधायक सतपाल जांबा के प्रयास से गांव डीग और बरसाना में सब-हेल्थ सेंटर के निर्माण को सरकार ने मंजूरी प्रदान की है। दोनों स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए 55.50-55.50 लाख रुपये के हिसाब से कुल 1 करोड़ 11 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस मंजूरी को पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। सब-हेल्थ सेंटर बनने से गांव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक सुविधाओं के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता कम होगी और उन्हें अपने गांव के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विधायक जांबा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीणों को बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता देते हुए डीग और बरसाना में सब-हेल्थ सेंटर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कई दिन से सीवर जाम

■ गलियों में फैल रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। हाउसिंग बोर्ड में बंद पड़ी सीवरेज की लाइन। फोटो : हरिभूमि

शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीवर जाम की समस्या ने स्थानीय निवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। कॉलोनी में मकान नंबर 1054 से आगे तक की सीवर लाइन पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है। इसके कारण सीवर का गंदा मल और दूषित पानी गलियों में फैल रहा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गंदगी के कारण कॉलोनी में बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी हुई है। समस्या का समाधान नहीं होने पर बहुउद्देशीय जन कल्याण सभा हरियाणा ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को दूसरा स्मरण पत्र भेजकर सीवर लाइन की सफाई करवाने की मांग की है। सभा के प्रधान राममेहर वर्मा ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीवर लाइन बंद होने के कारण लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीवर का गंदा मल गलियों में फैलने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। इससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और अन्य स्थानीय निवासियों को गंदगी के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि सीवर जैसी बुनियादी सुविधा में बाधा आने से लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित होता है।



मतदाता सूची से नाम काटने पर उठे सवाल चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर चर्चा

जींद। मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया, वोट के अधिकार की सुरक्षा और चुनाव आयोग की जिम्मेदारी को लेकर रविवार को जिला बार रूम जींद में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की जींद कमेटी के तत्वावधान में सेमिनार आयोजित किया गया। मतदाता सूची, वोट के अधिकार की सुरक्षा और चुनाव आयोग की जिम्मेदारी विषय पर आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया, मतदाताओं के अधिकारों और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता को लेकर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने मतदाता सूची में नाम हटाने की प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने और प्रभावित मतदाताओं को अपील का पर्याप्त अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया। सेमिनार में मुख्य वक्ता आईएएस अधिकारी टीके शर्मा ने एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने को लेकर चिंता जताई।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने किया शुभारंभ, ऑल इंडिया रैंक-1 डॉ. सुधीर मोर बने आकर्षण

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने किया एसजीएम हार्ट एंड किडनी सेंटर का शुभारंभ

ऑल इंडिया टॉपर डॉ. सुधीर मोर और गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. गीता मोर करेंगे इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने एसजीएम हार्ट एंड किडनी सेंटर का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने रविवार को अंबाला रोड स्थित एसजीएम हार्ट एंड किडनी सेंटर का शुभारंभ किया। सेंटर के संचालक एवं कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर मोर और कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. गीता मोर ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, चिकित्सक और ग्रामीण शामिल हुए। डॉ. सुधीर मोर की ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम रैंक और डॉ. गीता मोर की किडनी चिकित्सा के क्षेत्र में गोल्ड मेडलिस्ट उपलब्धि समारोह का विशेष आकर्षण रही। बता दें कि डॉ. सुधीर मोर ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम रैंक (ऑल इंडिया रैंक-1) हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। वर्तमान में वह कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में हृदय रोगों से संबंधित चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता में हृदय रोगों का मूल्यांकन, निदान और उपचार संबंधी परामर्श शामिल है। उनकी उपलब्धि पर पैतृक गांव शिमला सहित कैथल और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने खुशी जताई। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाले चिकित्सक का अपने क्षेत्र में सेवाएं देना जिले के लिए गर्व की बात है।

डॉ. गीता मोर की उपलब्धि को सराहा

डॉ. गीता मोर कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट हैं और किडनी चिकित्सा के क्षेत्र में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं। नेफ्रोलॉजी गुर्दे से संबंधित बीमारियों के निदान, उपचार और प्रबंधन की विशेषज्ञ चिकित्सा शाखा है। उनकी विशेषज्ञता के माध्यम से सेंटर में किडनी रोगों से संबंधित मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श और उपचार संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध करवाने का उद्देश्य है। उनकी गोल्ड मेडलिस्ट उपलब्धि को भी समारोह में सराहा गया।

एक ही केंद्र पर हार्ट और किडनी रोगों के विशेषज्ञ

एसजीएम हार्ट एंड किडनी सेंटर की शुरुआत का उद्देश्य कैथल और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को हृदय एवं गुर्दे से संबंधित बीमारियों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। सेंटर में डॉ. सुधीर मोर हृदय रोगों से संबंधित सेवाएं देंगे, जबकि डॉ. गीता मोर गुर्दे की बीमारियों के उपचार एवं परामर्श की जिम्मेदारी संभालेंगी। शुभारंभ समारोह में डॉ. सुधीर मोर के पैतृक गांव शिमला सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचे। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच समारोह का जश्न मनाया गया।

दोस्तों को झगड़े से छुड़वाने गए व्यक्ति पर गंडासी और लाठियों से हमला कर किया घायल

कैथल। गांव खरकड़ा में शराब ठेके के सामने दोस्तों को झगड़े से छुड़वाने गए व्यक्ति पर गंडासी और लाठियों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी में भी तोड़फोड़ की और गाड़ी में रखे 1 लाख 45 हजार रुपए व पर्स निकाल लिया। हमले में घायल माजरी निवासी हरदीप सिंह को पहले सरकारी अस्पताल गुहला ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे पटियाला के अमर अस्पताल ले गए। सीवन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में माजरी निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को वह अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में कांगथली अनाज मंडी गया था। काम खत्म कर रात करीब 9 बजे घर लौटते समय वह खरकड़ा गांव में शराब ठेके के पास पहुंचा। वहां उसके गांव के दोस्त गुरविंद्र सिंह और पवन कुमार का कुछ युवकों के साथ झगड़ा हो रहा था।